MAHARSHI JAMADAGNI GOVT. COLLEGE FOR GIRLS,
PILLUKHERA (JIND), PIN: 126113
(Ph. Off- 0168629770, E-Mail: gcgpillukhera2019@gmail.com)

er No. MJGCGPK/2025/3261 Dated: 06.05.2025

## One day workshop under NEP-2020

Date - 24/04/2025.

महर्षि जमदग्नि राजकीय कन्या महाविद्यालय पिल्लूखेड़ा में प्राचार्य डॉक्टर रणबीर सिंह की अध्यक्षता में एकदिवसीय वर्कशॉप का आयोजन **राष्ट्रीय शिक्षा नीति- 2020** के महत्वपूर्ण पहलू इंटर्नशिप विषय पर किया गया। वर्कशाप में मुख्य वक्ता की भूमिका में राजकीय महाविद्यालय सफीदों से सहायक प्राध्यापक कंप्यूटर साइंस श्री प्रदीप मान जी रहे। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय शिक्षा नीति- 2020 समिति की संयोजिका श्रीमती बबीता पवार के नेतृत्व में हुआ । इस कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों को इंटर्नशिप आधारित शिक्षण प्रणाली की भूमिका, लाभ एवं प्रभावी क्रियान्वयन के बारे में जागरूक करना रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम की संयोजिका श्रीमती बबीता पवार द्वारा महाविद्यालय प्राचार्य श्री रणबीर सिंह , मुख्य वक्ता डॉ प्रदीप मान व अन्य स्टाफ सदस्यों के स्वागत द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि "इंटर्नशिप छात्राओं को शिक्षा के साथ-साथ कार्य अनुभव देने की दिशा में एक आवश्यक कदम है, जिससे वे भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार हो सकें।" इस कार्यशाला में महाविद्यालय की बीए, बीकॉम द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर की छात्राओं ने भाग लिया।

मुख्य वक्ता ने NEP-2020 के उस प्रावधान पर विस्तृत प्रकाश डाला, जिसमें महाविद्यालय स्तर पर कौशल आधारित शिक्षा और उच्चतर कक्षाओं में इंटर्नशिप को अनिवार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि इंटर्नशिप छात्रों के लिए अकादमिक ज्ञान को व्यावहारिक अनुभव में बदलने का सशक्त माध्यम है। यह उन्हें उद्योगों की अपेक्षाओं से जोड़ने और रोजगार के लिए तैयार करने की दिशा में सहायक है। कार्यशाला में विभिन्न सत्रों का आयोजन किया गया, जिनमें इंटर्नशिप खोजने के तरीके, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स का उपयोग और सरकारी पोर्टल्स (AICTE Internship Portal आदि) की जानकारी दी गई। छात्रों ने इन विषयों में गहरी रुचि दिखाई और उत्साहपूर्वक भाग लिया।

प्रश्नोत्तर सत्र में विद्यार्थियों ने विशेषज्ञों से सीधे संवाद स्थापित कर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। कार्यशाला में शिक्षकगण एवं लगभग 170 छात्राएं उपस्थित रहे।

अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य ने कहा कि "यह कार्यशाला विद्यार्थियों को नीति के व्यावहारिक पहलुओं से जोड़ती है और उन्हें वास्तविक दुनिया के लिए तैयार करती है।"

कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसमें श्री रमेश कुमार सहायक प्राध्यापक राजनीतिक विज्ञान द्वारा महाविद्यालय प्राचार्य, मुख्य वक्ता, NEP - 2020 समिति सदस्य , शैक्षणिक , गैर शैक्षणिक स्टाफ सदस्य व विद्यार्थियों को धन्यवाद प्रस्तुत किया।

24/04/2025.
Coordinator NEP-2020


24/04/2025
Principal

MAHARSHI JAMADAGNI GOVT. COLLEGE FOR GIRLS,
PILLUKHERA (JIND), PIN: 126113

(Ph. Off- 0168629770, E-Mail: gcgpillukhera2019@gmail.com)


Letter No. MJGCGPK/2025/ Dated:












24/4/2025

Coordinator NEP-2020

Principal

MAHARSHI JAMADAGNI GOVT. COLLEGE FOR GIRLS,
PILLUKHERA (JIND), PIN: 126113
(Ph. Off- 0168629770. E-Mail: gcgpillukhera2019@gmail.com)

Letter No. MJGCGPK/2025/ —

Dated: —




Coordinator NEP-2020

Principal